17 JUNE 2024 M4U:Layout 1 16-Jun-24 11:24 PM Page 1

दैनिक

प्रकाशन के 09 वर्ष

RNI: UPHIN/2015/65169

सोमवार 17 जून 2024

वर्ष: 09, अंक: 144

पृष्ठ: 04 मूल्य: 02 रुपया

जनता की आवाज

# मीडिया फॉर यू

गाजियाबाद से प्रकाशित हापुड़ ❖ मेरठ ❖ शामली ❖ मुजफ्फरनगर ❖ बागपत ❖ सहारनपुर ❖ बिजनौर ❖ दिल्ली एनसीआर में प्रसारित

Email:- m4unews@gmail.com 8445657566



ठाकुर राधारमण मन्दिर में... 4

## गृह मंत्री शाह ने की जम्मू-कश्मीर के सुरक्षा हालात की समीक्षा

**नई दिल्ली (वार्ता)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में हाल में हुए आतंकवादी हमलों के मद्देनजर रविवार को क्षेत्र के सुरक्षा हालात की समीक्षा की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। शाह ने 29 जून से शुरू होने जा रही वार्षिक अमरनाथ तीर्थयात्रा की तैयारियों की भी समीक्षा की। सूत्रों ने बताया कि गृह मंत्री को जम्मू-कश्मीर के मौजूदा हालात के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और आने वाले दिनों में सुरक्षाबल वहां आतंकवाद रोधी अभियान तेज कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के खिलाफ अभियान प्रधानमंत्री के निदेर्शानुसार चलाया जाएगा। शाह ने यहां नॉर्थ ब्लॉक में उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इससे तीन दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी इसी मुद्दे पर एक बैठक की थी जिसमें उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिया था।




बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, अगले सेना प्रमुख के तौर पर नामित लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी, केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, गुप्तचर ब्यूरो के निदेशक तपन डेका, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के महानिदेशक अनीश दयाल सिंह, बीएसएफ के महानिदेशक नितिन अग्रवाल, जम्मू-कश्मीर पुलिस के महानिदेशक आर आर स्वैन और अन्य शीर्ष सुरक्षा अधिकारी शामिल हुए। सूत्रों ने बताया कि पिछले शुक्रवार को हुई एक बैठक में शाह को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति, अंतरराष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा पर सुरक्षाबलों की तैनाती, घुसपैठ की कोशिशों, आतंकवाद रोधी अभियानों की स्थिति और केंद्र शासित प्रदेश में सक्रिय आतंकवादियों के बारे में जानकारी दी गई थी। आतंकवादियों ने पिछले चार दिनों में जम्मू-कश्मीर के रियासी, कठुआ और डोडा जिलों में चार स्थानों पर हमले किए, जिनमें नौ तीर्थयात्रियों और सीआरपीएफ के एक जवान की मौत हो गई तथा सात सुरक्षाकर्मी और कई अन्य घायल हो गए। कठुआ जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में दो संदिग्ध पाकिस्तानी आतंकवादी भी मारे गए और उनके पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद हुआ। आतंकवादियों ने नौ जून को तीर्थयात्रियों की एक बस पर उस समय गोलीबारी की जब यह शिव खोरी मंदिर से कटरा की ओर जा रही थी। इस बस में उत्तर प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली के श्रद्धालु सवार थे। गोलीबारी के बाद बस गहरी खाई में गिर गई थी जिसमें नौ लोगों की मौत हो गई थी और 41 अन्य घायल हो गए थे। आतंकवादियों ने 11 जून को भद्रवाह में राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस की संयुक्त चौकी पर गोलीबारी की थी। आतंकवादियों ने 12 जून को डोडा जिले के गंडोह क्षेत्र में एक तलाशी दल पर हमला किया था जिसमें एक पुलिसकर्मी सहित सात सुरक्षाकर्मी घायल हो गए थे। इन हमलों के मद्देनजर प्रधानमंत्री मोदी ने 13 जून को गृह मंत्री के साथ सुरक्षा बलों की तैनाती तथा आतंकवाद रोधी अभियानों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल से भी वार्ता की थी और केंद्र शासित प्रदेश की स्थिति के बारे में जानकारी ली थी। ये घटनाएं दक्षिण कश्मीर हिमालय में अमरनाथ गुफा मंदिर की वार्षिक तीर्थयात्रा से पहले हुई हैं। यह यात्रा 29 जून से शुरू होने वाली है और 19 अगस्त तक जारी रहेगी। अमरनाथ के लिए तीर्थयात्री जम्मू कश्मीर में दो मार्गों-बालटाल और पहलगाम से यात्रा करते हैं। सूत्रों ने बताया कि पिछले साल 4.28 लाख से अधिक लोगों ने गुफा मंदिर की यात्रा की और इस बार यह आंकड़ा पांच लाख तक जा सकता है। सभी तीर्थयात्रियों को आरएफआईडी कार्ड दिए जाने की संभावना है ताकि उनकी वास्तविक स्थिति का पता लगाया जा सके और सभी को पांच लाख रुपये का बीमा कवर दिया जाएगा। तीर्थयात्रियों को ले जाने वाले प्रत्येक जानवर के लिए 50,000 रुपये का बीमा कवर भी होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### राष्ट्रीय भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति की टीम ने 2024 के मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**मोदीनगर।** दिन रविवार ए 7 ऋषभ विहार सीकरी कला मोदीनगर जिला गाजियाबाद उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय भ्रष्टाचार उन्मूलन समिति की टीम ने 2024 मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया जिसमें वढ बोर्ड उइरए बोर्ड क्ठरए बोर्ड के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर का हिस्सा लिया समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज कुमार शर्मा ने मेधावी विद्यार्थियों का सर्टिफिकेट एवं मैडल देकर अपनी टीम के साथ सम्मान किया तथा संगठन की नीतियों से विद्यार्थियों और अभिभावकों जानकारी दी उनके साथ में मेरठ मंडल सचिव राहुल शर्मा, जिला अध्यक्ष गाजियाबाद शेखर रघुवंशी, जिला सचिव गाजियाबाद आजाद हुसैन, शिक्षा सचिव मंसाराम उपाध्याय, नगर अध्यक्ष डॉ बृजेश कुमार, ऋषि राम उपाध्याय, दीपक सोनी, दीपक ठाकुर, आरपी सिंह, वीके शर्मा, मोहम्मद अजीम शेख, मोहम्मद अलीम,डॉ सुनील चौरसिया आदि उपस्थित रहे।

### पटना में गंगा नदी में नौका पलटी, चार लोगों के डूबकर मरने की आशंका

**पटना (वार्ता)।** बिहार में पटना जिले के बाढ़ थाना क्षेत्र में रविवार को गंगा नदी में नौका के पलट जाने से चार लोगों के डूबकर मरने की आशंका है। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि गंगा दशहरा के अवसर पर कुछ लोग नौका पर सवार होकर स्नान करने के लिये नदी के उसपार जा रहे थे। इस दौरान उमा घाट के समीप नौका पलट गयी। कुछ लोग तैरकर बाहर आ गये, जबकि चार लोगों के डूबकर मरने की आशंका है। सूत्रों ने बताया कि घटनास्थल पर राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम पहुंच गई है। लापता लोगों की तलाश की जा रही है।

### चौधरी ने जन्मदिन सामाजिक सरोकार निभाते हुए मनाया

**अजमेर (वार्ता)।** केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी रविवार को अपना जन्मदिवस सामाजिक सरोकार निभाते हुए सेवा कार्यों के साथ मनाया। चौधरी ने अजमेर के अपने गृह क्षेत्र किशनगढ़ में समर्थकों के साथ मदनेश गौशाला पहुंकर गौ माता को चारा खिलाकर दिन की शुरूआत कर देवदर्शन किये। श्री चौधरी किशनगढ़ के जैन भवन पहुंच जहां दिगम्बराचार्य 108 सुनील सागर महाराज से आशीर्वाद लिया। इसके बाद चौधरी अग्रसेन विहार में आयोजित स्नेह मिलन समारोह में भाजपा कार्यकताओं, लोकसभा क्षेत्र के नागरिकों से मुलाकात की।

### पौड़ी जिले में वाहन खाई में गिरा, चार की मौत, तीन घायल

**पौड़ी/देहरादून (वार्ता)।** उत्तराखंड के जनपद पौड़ी गढ़वाल में एक वाहन रविवार को अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। उसमें सवार चार लोगों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गये। राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के पुलिस अधीक्षक (एसपी) मणिकांत मिश्रा ने बताया कि आज सुबह कोतवाली श्रीनगर द्वारा खिर्सू चौबट्टा के पास एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना देते हुए रेस्क्यू को टीम की मांग की गई। जिसपर उप निरीक्षक देवीदत्त बर्थवाल के नेतृत्व में एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। उन्होंने बताया कि उक्त वाहन स्विफ्ट कार में सात लोग सवार थे जो किसी बारात में शामिल होने जा रहे थे। वाहन अनियंत्रित होकर लगभग 200 मीटर गहरी खाई में गिरकर, दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिला पुलिस व स्थानीय लोगों द्वारा तीन घायलों को निकालकर अस्पताल भिजवा दिया गया जबकि घटना में मृत चार लोगों के शवों को भी खाई से बाहर निकाल लिया गया है। मिश्र ने बताया कि टीम द्वारा घटनास्थल पर पहुँचकर खाई में उतरकर दुर्घटनाग्रस्त कार के आसपास गहन सर्चिंग की गई व प्राप्त आवश्यक सामान को जिला पुलिस के सुपर्द किया गया है।

## मीठा शर्बत पिलाकर श्री वैश्य कुटुम्ब सेवा समिति रजि0 की महिलाओं ने किया धार्मिक सेवा कार्य

**मीडिया फॉर यू**

**मोदीनगर।** श्री वैश्य कुटुम्ब सेवा समिति रजि० की महिलाओं ने श्री सुदेश मित्तल जी के लक्ष्मी निवास पर एक जल सेवा का कार्यक्रम सम्पन्न किया। नगर अध्यक्ष एकता अग्रवाल ने बताया कि श्री सुदेश मित्तल जी की धर्मपत्नी रजनी मित्तल हमारी नगर कोषाध्यक्ष है।आज उनके तथा उनके जीवनसाथी के सहयोग से ही यह धार्मिक सेवा कार्य सफलतापूर्वक सम्पन्न हो पाया है। आज हमारे कुटुम्ब की महिलाओं के द्वारा लगभग 2600 राहीगिरो को तपती धूप में जल सेवा प्रदान करी। इस अवसर पर श्री वैश्य कुटुम्ब सेवा समिति रजि० की प्रदेश महामंत्री वर्षा गुप्ता जी ने अपनी संस्था की महिलाओं का कोटि कोटि आभार व्यक्त किया उन्होंने कहा कि हमारे संगठन की प्रत्येक महिला ने अंश मात्र ही सही पर हर किसी ने आर्थिक व शारीरिक सहयोग दिया । उन्होंने बताया उनके संगठन की महिलाये सदैव धार्मिक सेवा कार्यों, सामाजिक सेवा कार्यों व अपनी संस्कृति व सभ्यता के कार्यक्रमो में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेती है वे समाज के समक्ष एक उदाहरण प्रस्तुत करती है कि संगठन किसी एक व्यक्ति विशेष से नहीं अपितु सभी के सहयोग से चलता है। आज गंगा दशहरा का पवित्र दिन और संगठन की महिलाओं के द्वारा मीठा जल वितरण कर बहुत ही पुण्य का कार्य किया





गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ नगर कोषाध्यक्ष रजनी मित्तल जी के जीवन साथी को उन्हीं के हाथों पटका पहनाकर किया गया तथा कुटुम्ब की सभी सखियों ने रजनी जी को भी पटका पहनाकर उनका आभार व्यक्त किया। संरक्षक सुदेश मित्तल जी के द्वारा किए गये अतुलनीय योगदान का सभी ने आभार व्यक्त किया इस अवसर पर शानु अग्रवाल,मीना तायल,राधिका गुप्ता,पूजा सिंघल, शालिनी ,कल्पना, कविता,राशि ,रूबी,निशु,सुरभि, अंजलि,भावना ,रीमा,बीना ,शालू, कल्पना, मुदिता, शालिनी,रूचि ,अर्चना ,मन्जू, प्रीति,विभा,नीरू,रश्मि ,रीतू, एकता ,प्रियंका,निधि, रेनू,मनीषा उपस्थित रही।

## मोदी कॉलेज के प्रधानाचार्य डा एस सी अग्रवाल पत्नी सहित लखनऊ में पद्मभूषण दिनकर सम्मान 2024 से हुए सम्मानित

**मीडिया फॉर यू**

**लखनऊ।** पद्मभूषण रामधारी सिंह दिनकर जी की 50वीं पुण्य तिथि के उपलक्ष्य में स्मृति पर्व पर "पद्मभूषण दिनकर सम्मान 2024" का विराट सम्मान समारोह और "गीत सरोवर व ममतामयी माँ " दो साझा कृतियों' का लोकार्पण आभूषण काव्यात्मक अभिव्यक्ति पटल लखनऊ' द्वारा 15 जून 2024को और वरिष्ठ साहित्यकार व संपादक डॉ अलका गुप्ता 'प्रियदर्शिनी' जी द्वारा प्रेस क्लब लखनऊआयोजित किया गया। जिसमे डॉक्टर के एन मोदी कॉलेज के प्रधानाचार्य डा एस सी अग्रवाल और उनकी पत्नी श्रीमती अलका अग्रवाल लेक्चरर इंग्लिश को पधभूषण दिनकर सम्मान 2024 स सम्मानित किया गया आभूषण काव्यात्मक अभिव्यक्ति पटल लखनऊ उत्तर प्रदेश द्वारा एक भव्य समारोह आयोजित किया गया, जिसमें करीब चालीसे साहित्यकारों, शिक्षकों और समाजसेवियों को पद्मभूषण दिनकर सम्मान देकर सम्मानित किया गया संस्था द्वारा यह यह पुरस्कार शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवम प्रशंशनीय और सराहनीय उत्कृष्ट कार्यों नए नए नवाचारों के साथ समर्पण भाव से शिक्षण कार्य करने केआभूषण काव्यात्मक अभिव्यक्ति पटल लखनऊ के तत्वावधान में प्रदान किया जाता है संस्थापिका डॉ अलका गुप्ता 'प्रियदर्शिनी' की नई सोच



देखकर सभी आनंद विभोर हो गए। संस्था ने सभी को शॉल ओढ़ाकर, ट्राफीज, फ्रेम में प्रमाण पत्र के साथ पुष्प माला अर्पित की। इससे पहले श्री एस सी अग्रवाल को शिक्षा ,समाज सेवा, पर्यावरण एवम विज्ञान, जागरूकता कार्यक्रमों के लिए संस्कृति पुरोधा शिक्षक सम्मान विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान ,ग्रीन थिंकर अवार्ड,राधाकृष्णन अवार्ड,द्रोणाचार्य अवार्ड, सुषमा स्वराज अवार्ड ,विज्ञान रजत जयंती सम्मान ,अमृत कलस सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है।

## नई पेंशन प्रणाली लागू करने पर शिक्षक ,कर्मचारी में भारी आक्रोश

**मीडिया फॉर यू, आरिफ खान बाबा**

**आगरा।** भारतीय जनता पार्टी की पूर्व केंद्रीय सरकार ने अप्रैल 2004 के बाद नियुक्त समाज शिक्षक कर्मचारियों की पुरानी पेंशन खत्म कर दी थी उन्हें नई पेंशन प्रणाली लागू की गई थी। केंद्र सरकार के आदेश के बाद राज्य सरकार ने भी पुरानी पेंशन बंद कर नई पेंशन योजना प्रणाली लागू कर दी थी ।जिसको लेकर प्रदेश के शिक्षक एवं कर्मचारियों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। कर्मचारियों को कहना है कि हमें नई पेंशन से कोई फायदा नहीं है । सरकार कहती है कि एसपीएस से कर्मचारियों को लाभ होगा तो ज्यादा लाभ हमें नहीं चाहिए ।हमें तो केवल पुरानी पेंशन चाहिए। कर्मचारियों का यह भी कहना है कि जब भी पुरानी पेंशन की मांग




करते हैं तो सरकार पैसे को लेकर रोना रोती है ,जबकि जनप्रतिनिधियों में एक-एक व्यक्ति कई कई पेंशन ले रहे हैं। कर्मचारी का कहना है ,कि वह अपनी पूरी जिंदगी सेवा करने में निकाल देते हैं रिटायरमेंट के बाद उसे कुछ भी नहीं मिलता। नई पेंशन के तहत व्यक्ति पेंशन से रोटी भी नहीं खा सकता। पुरानी पेंशन को लेकर कर्मचारी व शिक्षक गणों में काफी गुस्सा है। पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर देश के तमाम शिक्षक कर्मचारी संगठन एक लंबे समय से पुरानी पेंशन की मांग करते आ रहे हैं। पुरानी पेंशन को लेकर कई बार दिल्ली तक आंदोलन भी किया है। शिक्षा का कर्मचारी का कहना है कि जब तक हमारी पुरानी पेंशन बहाल नहीं हो जाती, तब तक हम चैन से नहीं बैठेंगे ।समय रहते आंदोलन करते रहेंगे जन चर्चा में है की यदि इनकी मांगे पूरी न हुई तो यह शिक्षक और कर्मचारी पुनः आंदोलन करने की शुरूआत करेंगे।

## आगरा विश्वविद्यालय असिस्टेंट प्रोफेसर पर छात्रा द्वारा छेड़छाड़, मारपीट का आरोप

**मीडिया फॉर यू, आरिफ खान बाबा**

**आगरा।** आए दिन अखबार की सुर्खियों में रहने वाले आगरा विश्वविद्यालय एक बार फिर अखबार की हैडलाइन की सुर्खियों में आया है। डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में सामाजिक विज्ञान संस्थान की अध्यनरत एक छात्रा ने असिस्टेंट प्रोफेसर पर छेड़छाड़ मारपीट गाली गलौज के आरोप लगाए हैं। प्राप्त सूत्रों के अनुसार, पालीवाल पार्क स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय कि समाज विज्ञान की एक छात्रा ने 24 में को स्टैंड प्रोफेसर डॉ राजीव वर्मा पर छेड़छाड़ करने गाली गलौज मारपीट के साथ जा सूचक शब्दों का प्रयोग करने की आरोप




लगाए थे इस प्रकरण को कुलसचिव डॉक्टर राजीव कुमार ने संज्ञान में लेते हुए यूजीसी की गाइडलाइन के तहत विशाखा समिति गठित की और जांच विशाखा समिति को सौंपी गई। 27 में को पीड़ित छात्रा के बयान दर्ज किया इसके बाद छात्रा के साथी छात्राओं आई एम एस संस्थान के शिक्षक और कर्मचारी और अंत में आरोपित असिस्टैंड प्रोफेसर के बयान दर्ज किए गए। छात्र और आई एम एस संस्थान की शिक्षा और कर्मचारियों के के बयान विशाखा समिति की प्रभारी प्रोफेसर विनीता सिंह सदस्य उपकुलसचिव ममता सिंह अधिवक्ता नर्मता मिश्रा संस्थान के डॉक्टर रणवीर सिंह गो सदस्य सुमन के साथ दो छात्रा की मौजूदगी में बयान दर्ज किए। बयान दर्ज होने के बाद समिति ने अपनी रिपोर्ट विश्वविद्यालय प्रशासन को सौंप दी लेकिन प्रकरण के 21 दिन बाद भी विशाखा समिति की रिपोर्ट पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। डॉक्टर राजेश कुमार ने बताया कि एक अन्य टीम को विशाखा समिति की रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की सिफारिश करनी है ।टीम के कुलपति प्रोफेसर आशुरानी को रिपोर्ट देने को कहा है जिससे अग्रिम कार्रवाई की जा सकेगी।

मीडिया फॉर यू | सम्पादकीय | गाजियाबाद, सोमवार 17 जून 2024



## सम्पादकीय

# वर्चस्व की मानसिकता

निस्संदेह, दुनिया भर में लैंगिक समानता और महिलाओं को पुरुषों के बराबर हक दिये जाने के लिये विभिन्न मंचों से लगातार आवाज उठती रही है। वहीं दुनिया के कई संगठन चुनिंदा आंकड़ों के जरिये पूरी दुनिया में लैंगिक स्थिति मापने का दावा भी करते रहे हैं। यह भी तथ्य है कि सदियों तक औपनिवेशिक शासन के अधीन रहने वाले विकासशील देश विकसित देशों की महिलाओं की आर्थिक व सामाजिक स्थिति का मुकाबला नहीं कर सकते। फिर दुनिया के सबसे बड़ी आबादी वाले एक देश की तुलना छोटे देश आइसलैंड से कदापि नहीं की जा सकती। इसके बावजूद विश्व आर्थिक मंच द्वारा हाल में प्रस्तुत किये गए लैंगिक अंतर के आंकड़े नीति-नियंताओं को आत्ममंथन का मौका जरूर देते हैं। समाज के लिये भी यह विचारणीय प्रश्न है कि शिक्षा, आय, सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्र में आधी दुनिया को उसका हक क्यों नहीं मिल पा रहा है। निस्संदेह, हमारे सत्ताधीशों को सोचना चाहिए कि लैंगिक अंतर सूचकांक में भारत 146 देशों में 129 वें स्थान पर क्यों है। निश्चय ही यह स्थिति भारत की तरक्की के दावों से मेल नहीं खाती। इसके बावजूद उम्मीद जगाने वाला तथ्य है कि पिछले वर्ष जनप्रतिनिधि संस्थाओं में महिलाओं की एक तिहाई हिस्सेदारी को लेकर विधेयक पारित हो चुका है। इसके बावजूद हाल में सामने आए आंकड़े परेशान करने वाले हैं और तरक्की के दावों पर प्रश्नचिन्ह लगाते हैं। यह विचारणीय प्रश्न है कि सरकार द्वारा महिलाओं के कल्याण के लिए अनेक नीतियां बनाने और कायदे कानूनों में बदलाव के बावजूद लैंगिक असमानता की खाई गहरी क्यों होती जा रही है। ये स्थितियां समाज में इस मुद्दे पर खुले विमर्श की जरूरत को बताती हैं। हालिया लोकसभा चुनाव में सीमित मात्रा में महिलाओं के संसद में पहुंचने ने भी कई सवालों को जन्म दिया है। निश्चित रूप से तमाम सरकारी घोषणाओं के बावजूद जमीन पर संकट वास्तविक है। जो हमारी विकास योजनाओं और नीतियों के व्यापक मूल्यांकन की आवश्यकता बता रही है। हमारे सत्ताधीशों के लिये यह तथ्य विचारणीय है कि हमारे समाज में आर्थिक असमानता क्यों बढ़ रही है। हम समान कार्य के बदले महिलाओं को समान वेतन दे पाने में सफल क्यों नहीं हो पा रहे हैं। जाहिर है यह अंतर तभी खत्म होगा जब समाज में महिलाओं से भेदभाव की सोच पर विराम लगेगा। यह संतोषजनक है कि माध्यमिक शिक्षा में नामांकन में लैंगिक समानता की स्थिति सुधरी है। फिर भी महिला सशक्तीकरण की दिशा में बहुत कुछ किया जाना बाकी है। देर-सवेर महिला आरक्षण कानून का ईमानदार क्रियान्वयन समाज में बदलावकारी भूमिका निभा सकता है। जरूरत इस बात की है कि राजनीतिक नेतृत्व इस मुद्दे को अपेक्षित गंभीरता के साथ देखे। हालांकि, किसी भी समाज में पूर्ण लैंगिक समानता हासिल करने में लंबा समय लगता है, लेकिन इस दिशा में सत्ताधीशों की तरफ से ईमानदार पहल होनी चाहिए। यह भी एक हकीकत है कि दुनिया के सबसे ज्यादा आबादी वाले देश के आंकड़ों की तुलना दक्षिण एशिया के छोटे देशों से नहीं की जा सकती। लेकिन विश्व आर्थिक मंच के आंकड़े हमें आत्ममंथन का अवसर जरूर उपलब्ध कराते हैं। लेकिन इसमें दो राय नहीं कि पूरी दुनिया में सरकारों द्वारा लैंगिक समानता के लिये नीतियां बनाने के बावजूद अपेक्षित परिणाम नहीं निकले हैं। जिसकी एक वजह समाज में पुरुष प्रधानता की सोच भी है। जिसके चलते यह आभास होता है कि आधी दुनिया के कल्याण के लिये बनी योजनाएं महज घोषणाओं तथा फाइलों तक सिमट कर रह जाती हैं। हमें यह सोचना होगा कि पिछले बार जहां हम विश्व आर्थिक मंच की सूची में 127वें स्थान पर थे, तो इस बार दो स्थान फिसलकर 129वें स्थान पर कैसे पहुंच गए। वहीं महिला/पुरुष राष्ट्राध्यक्षों की समानता के मामले में हम आज दसवें स्थान पर हैं। ऐसा नहीं है कि समाज की पुरुषवादी सोच में बदलाव नहीं आया। लेकिन बदलाव की गति धीमी है। निस्संदेह, आजादी के मुकाबले स्थितियां बहुत बदली हैं, लेकिन ये प्रगति संतोषजनक नहीं है। दरअसल, समाज में पुरुष वर्चस्व की मानसिकता को बदलने की जरूरत है। विश्वास किया जाना चाहिए कि बराबरी के सवाल पर हमारी पहल देर-सवेर रंग जरूर लाएगी।

# अयोध्या पर धावा: हिन्दू वही जो मोदी को जिताएं!

**(आलेख : बादल सरोज)**

4 जून को चुनाव नतीजे क्या आए, अयोध्या और अयोध्यावासियों - जिनमे जाहिर है कि राम भी शामिल ही हैं - की जान ही सांसत में आ गयी है। जैसे किसी ने अचानक से 'छू' बोल दिया हो, वैसे ही सारे के सारे भक्त अयोध्या की तरफ ऐसे लपक लिए हैं, जैसे उसे चींथ ही देंगे। सोशल मीडिया पर एंटी-सोशल्स और शाखा श्रृंगालों के हुजूम झुण्ड बनाकर अयोध्या पर धावा बोल रहे हैं ; घोर अपशब्दों की बौछार, गाली गलौज की गूंजती ललकार बमों और मिसाइलों की तरह अयोध्या पर दागी जा रही है। कुछ ऐसा माहौल बनाया जा रहा है, जैसे कि उनकी चली, तो वे अयोध्या का नामोनिशान ही मिटा देंगे। तरह-तरह के मीम बनाए जा रहे हैं। अयोध्या बहिष्कार की सार्वजनिक हिदायतें जारी की जा रही हैं कि देश भर से जो भी राम मंदिर के दर्शन करने जाए, वह अपना खाना-पानी, पूजा सामग्री सब साथ लेकर जाए, न अयोध्या में कुछ खरीदे, न वहां के किसी होटल-मोटल में रुके, मंदिर जाएं - दर्शन करें और बिना रुके उलटे पाँव वापस लौट आये। अयोध्या, खासकर वहां के हिन्दुओं को गरियाते हुए उन्हें जिन विशेषणों से विभूषित किया जा रहा है, वे इतने गलीज और अश्लील हैं कि उन्हें लिखा नहीं जा सकता झ इनके अलावा जो हैं, उनमें अयोध्या वालों को दाल, चीनी, पेट्रोल जैसी 'तुच्छ' चीजों के लिए पूंछ हिलाने वाला लालची, तलवार की दम पर सलवार पहनने वाला कायर और न जाने क्या-क्या नहीं कहा जा रहा। मारामारी सिर्फ सोशल मीडिया में ही नहीं है, भाजपा शासन के अयोध्या प्रशासन ने भी अपरोक्ष रूप से बदला लेने का यही काम शुरू कर दिया है। उन गरीबों, मजलूमों के खिलाफ डंडे चलाये जा रहे हैं, जिनके बारे में उन्हें लगता है कि उन्होंने भाजपा का साथ नहीं दिया। शुरूआत रिक्शा चालकों और ठेला खोमचा सब्जी वालों से हुई है।

कथित हिन्दू धर्म रक्षकों का अयोध्या के हिन्दुओं का यह धिक्कार-महोत्सव सिर्फ यूपी तक सीमित नहीं है, अक्खा अखंड भारत में हिन्दुत्व के ये योद्धा मार लंगोटा घुमाये विचर रहे हैं। यूपी और हिंदी पट्टी के बाहर अयोध्या पूरे उत्तर प्रदेश में बदल जाती है। गुजरात के अखबारों में छपी खबर के अनुसार एक भाजपा नेता ने सिर्फ अयोध्या नहीं, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के 'भैय्यों' के बहिष्कार का आह्वान कर दिया। अब इन नीचे वाले गदाधारियों की बात ही क्या करें, जब स्वयं अधूरे राममंदिर के रथ पर आरूढ़ होकर भारत फतह करने निकले, राम को लाने का दंभ दिखाने वाले नरेंद्र मोदी ने ही, पहली फुर्सत में ही, राम को वनवास दे दिया और 303 से नीचे गिरकर 240 पर आ जाने की विजय सभा में "जय जगन्नाथ" का जैकारा लगाकर जिस "जै-श्रीराम" के उदघोष से गला बिठा लिया था, उसका परित्याग कर दिया।

विद्वेष का यह बदबूदार मवाद अचानक से नहीं फूट पड़ा है। यह वह नासूर है जिसे संघझभाजपा झ उनके पालित-पोषित मीडिया ने बड़े जतन से जहरीला बनाया है। और जैसा कि नियम है कि नफरत जब संक्रामक होती है, तब न शक्ल देखती है न धर्म, न इधर देखती है न उधर ; वही हो रहा है। अब तक जिन्हें दूसरों पर 'छू' किया जाता था, इस बार वे हिन्दुओं पर, सो ही अयोध्या के हिन्दुओं पर, छोड़ दिए गए हैं। इस बार वे, जिसे राम की कहा और माना जाता है, उस अयोध्या के लिए आये हैं झ कल वे राम के लिए भी आ जाएँ, तो ताज्जुब नहीं होना चाहिए, क्योंकि हाल ही में जिन्होंने स्वयं के भगवान होने का एलान किया है, उनके खास अमित शाह के लिए भी वे आ गए हैं। ऐसे बीसियों वीडियो हैं, जिनमें भाजपा और हिन्दुत्ववादी कुनबे के भगवा गमछा धारी कार्यकर्ता चुनावी हार के लिए अमित शाह को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। हाल तक शीर्ष पर जिन्हें दो नंबरी माना जाता था, ये उन्हें ह्यनकली चाणक्यह्न बता रहे हैं, ह्यबेटे को बीसीसीआई का सचिव बनानेह्न सहित उनकी अनेक कारगुजारियां गिनाते हुए वीडियो तक जारी कर रहे हैं। यह नयी वर्तनी नहीं है - कुनबा इसे बरतता रहता है ; राजनीतिक इरादे से अधूरे मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा किये जाने और उसके अनुष्ठान के लिए किये जा रहे स्वांग को गलत बताने वाले, सनातन धर्म के शीर्षस्थ धर्मगुरुओं, चारों पीठों के शंकराचार्यों के खिलाफ इसी गिरोह ने लगभग ऐसी ही भाषा का इस्तेमाल किया था। असहमति और प्रतिकूल राय के खिलाफ झुंझलाहट, सन्निपात के उन्माद में बदलने का यह संस्कार झ जिसे मोदी 'इको सिस्टम' कहते हैं झ इन्हीं ने सिखाया है, अब उलट कर कीच इन्हीं पर आ रही है। पढने-लिखने, जानने-समझने से बचने और कतराने के नतीजे ऐसे ही भुगतने पड़ते हैं ; भस्मासुर की कथा पढ़ी होती, तो ऐसे भस्मासुर पैदा करने के परिणामों की माहिती होती।

भाजपा सिर्फ फैजाबाद, जिसमे अयोध्या भी आती है, की लोकसभा सीट ही नहीं हारी है। वह फैजाबाद से लगी सटी प्रायः सभी सीट्स भी हारी है। लगता है जनता ने राम को लाने और पोलिंग बूथ पर बिठाने के दंभ का जवाब तय करके दिया है। पौराणिक कथाओं में राम से जुड़े सभी लोकसभा क्षेत्रों में भाजपा चारों खाने चित्त गिरी है। रामपुर, सीतापुर, प्रयागराज हारी ही, रामकथा के अनुसार जहां राम ने वनवास के 11 वर्ष काटे थे, उस चित्रकूट और बाँदा और जिस रामटेक में आसरा लिया था, वहां भी हार गयी। रामकथा से जुड़े सुल्तानपुर और उनके गुरु वशिष्ठ के घर बस्ती में भी पराजय मिली। जिस रामेश्वरम में खुद राम ने शिवलिंग की स्थापना कर युद्ध शुरू किया था, उस रामेश्वरम में भी करारी हार मिली। जहां सूर्पनखा की नाक काटने का काण्ड बताया जाता है, उस नाशिक में और जिस जगह को हनुमान की जन्मस्थली कहते हैं, उस कोप्पल की जनता ने भी ठुकरा दिया। सिर्फ उत्तर में ही नहीं, दक्षिण में भी यह कोप जारी रहा ; तिरुपति बालाजी की लोकसभा सीट पर भी हार ही मिली। इन वंचक भगत धर्मध्वजाधारियों को दंडित करने के मामले में स्वामी विवेकानन्द भी पीछे नहीं रहे। आखिरी चरण के मतदान के समय, जहां मोदी 10 कैमरों की संगत में 45 घंटे की ह्यसाधनाह्न में लीन थे, उस कन्याकुमारी ने भी भाजपा को विलीन कर दिया। विवेकानंद ने तो जैसे गिन-गिनकर हिसाब चुकाया और अपने जनस्थान की सीट और बेलूर मठ की सीट पर भी भाजपा को हार का स्वाद चखाया। जिसे शिव का खुद का बनारस कहा जाता है, वहां खुद मोदी शुरूआती कुछ घंटों तक पीछे रहने के बाद बमुश्किल जीते। जिन्हें वाराणसी ने 2014 में करीब पौने चार लाख, 2019 में पौने पांच लाख से ज्यादा वोटों से जिताया, उसी बनारस में वे कोई डेढ़ लाख से जीत पाए और इस तरह सबसे कम वोटों से जीतने वाले प्रधानमंत्री होने का रिकॉर्ड बनाया। हालांकि इस जीत को भी लेकर खुद उन्हीं की पार्टी के लोगों ने "कैसे जिताया है हम ही जानते हैं" जैसे दावे किये हैं। सुनते हैं कि इन नतीजों को देखकर उत्तराखंड और हिमाचल के मतदाता पछता रहे हैं, जिन्होंने मीडिया पर भरोसा कर भाजपा की चहुंमुखी जीत के भ्रम में वोट डाल दिया।

अयोध्या पर इस चढ़ाई को सिर्फ कुछ सिरफिरे और हार से बौखलाए भक्तों का प्रलाप कहकर नहीं छोड़ा जा सकता। इसने जो सामने लाया है, वह बहुत कुछ स्पष्ट कर देता है। उसे दोहराने और दर्ज किये जाने की जरूरत है। इस घोर असभ्यता से, एक बार फिर, साफ हो गया है कि भाजपा और संघ का "हिन्दू, हिन्दू" करना सिर्फ पाखंड और स्वांग है, इसका धार्मिकता और उसके प्राचीन ऐतिहासिक प्रतीकों या परम्परा से कोई रिश्ता नहीं है। बनारस, अयोध्या से लेकर उज्जैन तक व्यावसायिक गलियारे बनाने के लिए सदियों पुराने हजारों मकानों को ही ध्वस्त नहीं किया गया, हजार वर्ष पुराने धार्मिक स्थलों, प्राचीनतम मंदिरों को भी बुलडोजर से रौंद दिया गया। धर्म, भगवान और धार्मिक स्थान इनके लिए धंधा और व्यवसाय का जरिया है। अयोध्या में हार के बाद आयी प्रतिक्रियाओं में एक यह थी कि मोदी ने अयोध्या को मंदिर उद्योग - टेम्पल इंडस्ट्री झ दिया, तब भी अयोध्या ने उन्हें हरा दिया। धीरे-धीरे संकुचित करते-करते अब इस कुनबे ने हिन्दू होने के अधिकार को भी हस्तगत कर लिया है ; अब हिन्दू वही, जो मोदी को जिताए!! पहले राष्ट्र का समानार्थी हिन्दू किया गया, अब हिन्दू का पर्यायवाची मोदी हो गए हैं, उनकी भाजपा हो गयी है। जो मोदी और भाजपा के साथ नहीं, वह हिन्दू नहीं। इस लपेटे में अभी अयोध्या है, मगर उनकी जगह "जगन्नाथ जी की जय" करके संदेशा अयोध्यावासी राम के लिए भी दे दिया गया है। स्वयं को धड़ल्ले से नास्तिक बताने वाले सावरकर ने यही तो कहा था कि वे जिस हिन्दुत्व की बात करते हैं, उसका हिन्दू धर्म, उसकी धार्मिक मान्यताओं या परम्पराओं के साथ कोई संबंध नहीं है। यह शुद्ध रूप में एक शासन प्रणाली है। इस शासन प्रणाली का बीजक उन्होंने उस मनुस्मृति को बताया था, जिसे वे पांचवा वेद मानते थे। अयोध्या पर चढ़ाई करने वाले न हिन्दू हैं, न धर्म उनकी चिंता में है ; वे सावरकरी हिन्दुत्व की सेना है और उनके हाथ में मनुस्मृति है। उनकी गालीगलौज में अयोध्या वाली लोकसभा सीट फैजाबाद से जीते सांसद की दलित पृष्ठभूमि और उन्हें वोट देने वाले मतदाताओं के दलित और पिछड़े होने का संलग्न समाहित भाव इसी की चुगली खाता है। इसे समझने की जरूरत इसलिए भी है, क्योंकि आगे के चुनावों में वे वोट डलवाने के उस अंदाज को आजमा सकते हैं, जिसका प्रयोग इस बार यूपी और दिल्ली की अनेक सीटों पर चुनिन्दा इलाकों में मतदान की रफ़्तार धीमी करके और खास पहचान के आधार पर मतदाताओं के एक हिस्से को मतदान केन्द्रों से बलपूर्वक खदेड़ कर किया गया है।

इस जहरीले प्रचार की निंदा या खंडन में किसी भी भाजपाई का दिखावटी बयान तक न आना यह साबित करता है कि सतह से तलहटी तक पूरा कुनबा इसमें शामिल है। अभी कल ही सरसंघ संचालक मोहन भागवत भी ह्लचुनाव के दौरान दोनों पक्षों द्वारा मर्यादा के उल्लंघनह्न पर तो बोले हैं, मगर चुनाव के बाद की इन सब बातों पर चुप ही लगा गए हैं। उनके हालिया भाषण में एक और रोचक बात दो वर्ष बाद मणिपुर की याद आना है। इस रफ़्तार से लगता है, अपने कुनबे की अयोध्या चढ़ाई पर भी वे बोले, तो शायद दो-चार साल बाद ही बोलें।

मोदी ने हार के कारण ढूंढ लिए हैं। वे इसके लिए वामपंथियों को कोसते दिखे। उन्होंने कहा कि इन वामपंथियों ने अफवाहें फैलाई, लोगों को संविधान बदलने का डर दिखाया। पता नहीं, उन्हें यह पता भी है कि नहीं कि '400 पार करना है क्योंकि संविधान बदलना है' का नारा देने वालों में सिर्फ अनत हेगड़े नहीं थे, अयोध्या से हारे भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह भी थे। देश की जनता को सिर्फ आशंका नहीं थी, उसे यकीन था कि यदि अकेले बहुमत भी मिल गया, तो संविधान और लोकतंत्र खतरे में पड़ने वाला है। वैसे एक तरह से मोदी चुनाव नतीजों को सही-सही पढ़ रहे हैं। पूरे चुनाव अभियान का नैरेटिव बदलने और मंदिर, मुसलमान, मंगलसूत्र के उन्माद को उलटने में उन संघर्षों की निर्णायक भूमिका रही, जिन्हें छेड़ने, उसके साथ देश की जनता के विराट हिस्से को जोड़ने, उन संघर्षों को चलाने, उन्हें बिखेर देने की साजिशों को असफल करने और निर्णायक मुकाम तक पहुंचाने में वामपंथ की केन्द्रीय भूमिका रही। नवउदार दौर में आमतौर से, मोदी राज में खासतौर से, यह वामपंथ ही था, जिसने कौमी एकता, फासिस्ट होती तानाशाही और जीवनयापन के सवालों से जूझ रहे सारे मनकों को पिरोने में डोरी की, सबको जोड़कर रखने में गोंद और फेवीकोल की भूमिका निबाही। इस कठिन चुनाव में जीती गयी 8 सीटों से वामपंथ की ताकत को आंकना उसके असर और शक्ति का मूल्यांकन नहीं है। किसानों की ऐतिहासिक लड़ाई वाला संयुक्त किसान मोर्चा, मजदूरों की सारी तंजीमों का एकजुट समन्वय, देश भर के विद्यार्थियों, महिलाओं, सांस्कृतिक कर्मियों की साझी मुहिमें, हर रंग की लोकतंत्र हिमायती ताकतों की जुटान वामपंथ का असली योगदान है। मेहनतकश जनता के साथ नाभि-नाल संबंध उसकी ताकत की असली पहचान है। उन्हें भली-भांति पता है कि 4 जून का परिणाम देश के लिए राहत की एक सांस है झ मगर असली राहतें अभी बाकी हैं। अयोध्या जिनके गले की फांस बनी है, उन्हें राजनीति के कूड़ेदान में दफन करने के लिए कोशिशें तेज करने का यह सही समय भी है, अवसर भी है।

**(लेखक 'लोकजतन' के संपादक और अखिल भारतीय किसान सभा के संयुक्त सचिव हैं। संपर्क : 94250-06716)**

# शहीद पुष्पेंद्र सिंह की प्रतिमा का हुआ अनावरण

**मीडिया फॉर यू**

**मथुरा:** गोवर्धन के गांव खुटिया में रविवार को जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने शहीद पुष्पेंद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया। खुटिया निवास पुष्पेंद्र सिंह 13 अगस्त 2018 को जम्मू-कश्मीर के तंगधार सेक्टर की नियंत्रण रेखा पर आतंकियों से मुठभेड़ में शहीद हो गए थे। मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में पहुँचे पूर्व विधायक ठाकुर कारिंदा सिंह ने कहा कि शहीद राष्ट्र की अनमोल धरोहर हैं और हमें शहीदों को पूरा मान सम्मान देना चाहिए। प्रमुख समाजसेवी प्रीतम सिंह ने कहा कि मथुरा जनपद में खुटेल पट्टी वीरों की खान है और यहां के कई सैनिक देश की सरहदों पर भारत मां की सेवा में तैनात हैं। ग्राम प्रधान डॉक्टर देवेंद्र सिंह ने कहा कि आर्मी में तैनात पुष्पेंद्र सिंह महान देशभक्त थे, जिन्होंने भारत मां की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की बलि दी। उन्होंने कहा कि ऐसे महान देशभक्तों पर हमें न केवल गर्व है, बल्कि युवा पीढ़ी को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए तथा सेना में भर्ती होकर देश की रक्षा करनी चाहिए। वहीं जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने सेना के शहीद जवान पुष्पेन्द्र सिंह को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है. उन्होंने कहा कि देश की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले इस वीर सपूत को हमेशा याद किया जाएगा. उन्होंने शहीद जवान



के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए पुष्पेन्द्र सिंह के परिजनों व ग्रामीणों द्वारा शहीद स्मारक और स्टेडियम की बात को लेकर भी जल्द बनवाने का आश्वासन दिया। वही मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में पहुंची शाहिद पुष्पेंद्र सिंह की पत्नी सुधा देवी शहीद स्मारक के चारों ओर लगी बाउंड्री को लेकर नाराज दिखाई दी उन्होंने चारों ओर हो रही बाउंड्री को लेकर भी शासन प्रशासन से हटाने की मांग की।

# आंवला दलित हत्याकांड में हो उचित कार्यवाही भीम आर्मी ने दी चेतावनी

## कार्यवाही न होने पर बड़े दलबल के साथ एसएसपी कार्यालय का घेराव करेगी भीम आर्मी

**मीडिया फॉर यू**

**आंवला/बरेली।** रविवार को भीम आर्मी बरेली मंडल के पदाधिकारी कार्यकताओं के साथ आंवला कोतवाली क्षेत्र के दिगोई गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार के दर्द को सुना उनके साथ हो रहे अन्याय को जाना पीड़ित परिवार के मृतक विक्रम के पिता व अन्य लोगों ने बताया की विक्रम को साजिस के तहत करंट लगाकर जान से मार डाला विक्रम की हत्या करने से पहले भी आरोपित करंट से कई कुत्ते जंगली जानवरों की हत्या कर चुके हैं और अब विक्रम की रंजिशन करंट से हत्या कर फैसला करने के लिए अपराधियों व कोतवाली पुलिस के कुछ पुलिसकर्मियों द्वारा लगातार उनका उत्पीड़न किया जा रहा भीम आर्मी ने पूरे मामले को सुनकर पीड़ित परिवार की मदद करने का उन्हें भरोसा दिया भीम आर्मी के बरेली मंडल अध्यक्ष एडवोकेट विकास बाबू के साथ भीम आर्मी



कार्यकताओं ने पीड़ित परिवार की लड़ाई पूरे जोर के साथ लड़ने का वादा किया आगे कहा पीड़ित परिवार के साथ स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा अन्याय किया जा रहा जो बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जायेगा स्थानीय पुलिस के संरक्षण में ही अपराधी अब तक खुलेआम घूम रहे हैं मामूली धारा मुकदमा दर्ज करके स्थानीय पुलिस मामले को दबाना चाहती है साथ ही मंडल अध्यक्ष एडवोकेट बिकास बाबू ने शासन प्रशासन को सूचित करते हुए कहा कि मुकदमे को उचित धाराओं में 302 और एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमे में बढ़ोतरी की जाए ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिले यदि ऐसा नहीं किया गया तो भीम आर्मी बड़े दलबल के साथ एसएसपी कार्यालय का घेराव करेगी इस मौके पर मंडल अध्यक्ष एडवोकेट विकास बाबू, मंडल मीडिया प्रभारी सैम मशी, आंवला विधानसभा अध्यक्ष शंकर वाल्मीकि, प्रभाकर मीडिया प्रभारी विधानसभा संगठन मंत्री विधानसभा उपाध्यक्ष महेंद्र सागर जितेंद्र कुमार के साथ तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नगरपालिका मे अन्तर्राष्ट्रीय योगा कराते हुए योगा टीचर निजामुद्दीन सैफी

**मीडिया फॉर यू**

**बिजनौर: अतीक अहमद**

चांदपुर नगरपालिका में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम का शुभारंभ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 15 जून से 21जून तक सभी सरकारी कार्यालयों में योग दिवस के कार्यक्रम चल रहे हैं नगरपालिका में लगातार योग का कार्यक्रम चल रहा है आज भी नगर पालिका के सभी पदाधिकारियों ने योग किया पिछले वर्षों कि भांति इस वर्ष भी नगर पालिका परिषद में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम शुरू हुआ वहां पर मौजूद सभी कर्मचारियों ने योग किया और योगा टीचर निजामुद्दीन सैफी ने ब्रकशासन गो मुख



आशन चक्रासन भुजंग आसन और प्राणायाम कराए उसके बाद उन्होंने कुछ एक्यूप्रेशर के बारे में जानकारी दी एक्यूप्रेशर और उन्होंने बताया कि हम अपनी सभी बिमारियों का इलाज एक्यूप्रेशर द्वारा कर सकते हैं उन्होंने सभी तरह के योग और आसन कराए और उन्होंने बताया कि नियमित योग करने से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है और हमारे शरीर की सभी नसे खुल जाती है और हमारे शरीर का रक्त संचालन सही से चलने लगता है और हमारा शरीर स्वस्थ रहता है और हम लोग बीमार नहीं होते इस लिए हमें रोज योग करना चाहिए नगरपालिका में योगा निशुल्क किया जा रहा है नगरपालिका में निशुल्क योग का लाभ उठाए इस मौके पर सफाई प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार फैसल भाई सलीम भाई मोमिन सादिक शानू फीना रोड़ फरमान तौहीद सुऐब सलमान आदि काफी लोगों ने भाग लिया

# योग के द्वारा आम आदमी अपनी शारीरिक और मानसिकता को दूर कर सकता है: डीएम

**मीडिया फॉर यू**

**बिजनौर: अतीक अहमद**

चांदपुर बिजनौर के जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल द्वारा दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जागरूकता के अंतर्गत पूर्वाहन में इंदिरा बाल भवन बिजनौर में आयोजित होने वाले योग सप्ताह का विधिवत रूप से फीता काटकर एवं द्वीप प्रज्वलित कर भव्य रूप से उद्घाटन किया गया जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने दशम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले योग सप्ताह का उद्घाटन करते हुए सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया और योग सप्ताह कार्यक्रम को पूर्ण मानक के अनुरूप



सफल बनाने काआह्वान किया उन्होंने कहा कि योग भारतीय प्राचीन पद्धति है जिसका कोई भी व्यक्ति उपयोग कर आध्यात्मिक एवं शारीरिक लाभ अर्जित कर सकता है उन्होंने कहा कि आज के दौर में योग की आवश्यकता प्रासंगिक हो गई है योग के द्वारा आम आदमी अपनी शारीरिक और मानसिक रोगों का निदान कर सकता है और अपनी आध्यात्मिक शक्ति को भी प्रमाण चढ़ा सकता है कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल माननीय विधायक चांदपुर विधानसभा क्षेत्र बिजनौर नगर पालिका अध्यक्षा मुख्य विकास अधिकारी सहित सभी प्रतिभागियों द्वारा योग आसन भी किए गए

कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला प्रशासन आयुष विभाग क्रीड़ा भारती गोविंद मॉर्निंग क्लब वरिष्ठ नागरिक संगठन गुड मॉर्निंग क्लब पर्यावरण प्रहरी स्वदेशी जागरण मंच गायत्री परिवार पतंजलि योग समिति तथा अन्य योग संस्थाओं का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माननीय विधायक चांदपुर स्वामी ओमवेश नगर पालिका अध्यक्ष बिजनौर श्रीमती इंदिरा सिंह मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी राकेश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे

मीडिया फॉर यू

सहारनपुर मण्डल

गाजियाबाद, सोमवार 17 जून 2024



## संक्षिप्त समाचार

### रत्नेश कुमार ने सीआईएसएफ हेडक्वेटर और झारखंड पुलिस को ट्वीट कर पप्पू मंडल के कोयले की अवैध कारोबार पर रोक लगाने मांग की



**मीडिया फॉर यू**

**धनबाद।** धनबाद के ईमानदार छवि के एसएससी महोदय और केंदुडीह थाना प्रभारी का भी छवि को धूल मिल कर रहे हैं कोयला माफिया पप्पू मंडल, आखिर पप्पू मंडल के कोयले की अवैध कारोबार पर क्यों नहीं हो रही है छापामारी आखिर कब होगा पप्पू मंडल पर कार्रवाई धनबाद एसएसपी से आग्रह करना चाहूंगा कि अपने स्तर से कोयला माफिया पप्पू मंडल के अवैध कारोबार पर छापामारी करके पप्पू मंडल पर कार्रवाई कर करने का कृपा करेंगे , की प्रत्येक दिन पप्पू मंडल के आदमी हाईवे में कोयला लोड कर कर पप्पू मंडल के कोयले के भट्ठे में भेजते हैं जिससे बीसीसीएल के लाखों करोड़ रुपए का नुकसान हो रहा है अगर जल्द कार्रवाई नहीं किया गया तो पप्पू मंडल ऐसे ही कोयला तस्करी करते रहेंगे बीसीसीएल को झारखंड सरकार और राज सरकार को नुकसान पहुंचाते रहेंगे।

### आंवला के अस्पताल में नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता का किया गया गर्भपात



**मीडिया फॉर यू**

**आंवला/बरेली।** उत्तर प्रदेश सरकार भले ही कोख में पल रहे बच्चों की हत्या करने वालों पर भ्रूण हत्या के खिलाफ अभियान चलाकर लगातार शिंकजा कस रही हो लेकिन बरेली जनपद सहित तहसील आंवला में इसका कोई खास असर होता दिखाई नहीं दे रहा है आपको बता दें भारतीय बजरंग दल के प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित अमित शर्मा द्वारा आंवला क्षेत्र में एक नावालिग दुष्कर्म पीड़िता का आंवला के ही हास्पिटल में गर्भपात किये जाने की बरेली सीएमओ से शिकायत की गयी। शिकायती पत्र में पंडित अमित शर्मा द्वारा बताया गया कि आंवला नगर के सब्जी मंडी निकट स्थित गुरू नानक हास्पिटल मे नावालिग दुष्कर्म पीड़िता का गर्भपात कर दिया गया जवकि उक्त नावालिग लड़की से आरोपियों के द्वारा एक साल से लगातार दुष्कर्म किया जा रहा था । बताते चले कि घटना 11.06.2024 दिन मंगलवार की है कि आरोपियों द्वारा बहला फुसलाकर नगर के सब्जी मंडी के निकट स्थित निजी हॉस्पिटल मे मोटी फीस देकर नावालिग दुष्कर्म पीडिता का गर्भपात करा दिया गया । पीडिता के परिजनों ने दुष्कर्म की जानकारी के बाद थाना आंवला मे तीन लोगो पर एफआईआर दर्ज कराई । हॉस्पिटल के द्वारा किये गये कृत्य को लेकर भारतीय बजरंग दल के प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित अमित शर्मा व संगठन पदाधिकारीयों मे भारी रोष व्याप्त है । भारतीय बजरंग दल के प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा व कार्यकताओं द्वारा हॉस्पिटल की जांच कर सीज करने मांग के साथ समस्त स्टाफ पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की मांग की गई है

# नि:स्वार्थ समर्पण ही सच्ची मित्रता है तथा मृत्यु के भय से मुक्त करती है श्रीमद्भागवत कथा: भगवती प्रसाद

**मीडिया फॉर यू**

**नकुड़ (सहारनपुर)। काजी शाहिद अहमद**

भागवत कथा में कथा व्यास आचार्य भगवती प्रसाद शुक्ल द्वारा रासलीला, भगवान श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह, सुदामा चरित्र आदि कथाओं का सुंदर वर्णन तथा मित्रता, भागवत कथा, सत्संग और सतगुरु की महत्ता के बारे में बताया गया।

श्री नकुलेश्वर महादेव मंदिर में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा ज्ञानामृत सप्ताह के सातवें दिन शनिवार को कथा व्यास आचार्य पंडित भगवती प्रसाद ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए बताया की मित्रता में गरीबी और अमीरी नहीं देखनी चाहिए, मित्र एक दूसरे का पूरक होता है। भगवान कृष्ण ने अपने बचपन के मित्र सुदामा की गरीबी को देखकर रोते हुए अपने राज सिंहासन पर बैठाया और उन्हें उलाहना दिया की जब गरीबी में रह रहे थे तो अपने मित्र के पास आ सकते थे, लेकिन उसके बाद भी सुदामा ने मित्रता को सर्वोपरि मानते हुए श्रीकृष्ण से कुछ नहीं मांगा। उन्होंने बताया की सुदामा चरित्र हमें जीवन में आई कठिनाइयों का सामना करने की सीख देते हुए निस्वार्थ समर्पण ही असली मित्रता के बारे में बताता है।बताया की मित्र वह है जो अपने मित्र को सही दिशा प्रदान करे, जो मित्र की गलती पर उसे रोके और सही राह पर उसका सहयोग करे। इससे पूर्व महाराज श्री ने भगवान श्री कृष्ण और महारानी रुक्मणी के विवाह सुंदर वर्णन करते हुए जैसे ही, "आज मेरे ठाकुर का व्याह रचा है' भजन गाया तो पंडाल में उपस्थित सभी श्रद्धालु झूमने लगे। वहीं कथा के अंतिम दिन रविवार को समापन अवसर पर कथा



व्यास आचार्य पंडित भगवती प्रसाद शुक्ल ने सतगुरु की महिमा बताते हुए कहा की जीवन में यदि सतगुरु के बताएं मार्ग पर चलेंगे तो जीवन का कल्याण अवश्य होगा। उन्होंने भगवान दत्तात्रेय की कथा सुनाते हुए बताया की भगवान दत्तात्रेय ने 24 गुरु बनाए उन्होंने पृथ्वी, वायु, आकाश, जल, अग्नि, चंद्रमा, सूर्य, कबूतर अजगर, समुद्र, पतंगा,भवँरा मधुमक्खी, हाथी, मधुहर्ता, हिरण, मछली, पिंगला नाम की वैश्या, पक्षी, छोटे बच्चे, कुंवारी कन्या, बाण बनाने वाले को, सर्प, मकड़ी, भृङ्गी कीडा को शिक्षा गुरु बनाकर प्रत्येक से कोई न कोई शिक्षा लेकर जीवन को सरल बनाया। आचार्य जी ने बताया की मनुष्य को जहां से जो भी शिक्षा मिले ले लेनी चाहिए, क्योंकि जीवन में कौन सी शिक्षा कहां काम आ जाए, इसका कुछ भी पता नहीं है। भगवान सुखदेव ने कथा के अंतिम दिन राजा परीक्षित से पूछा की क्या अब भी उन्हें कोई भय है, तब राजा परिक्षति ने कहा श्रीमद्भागवत की कथा सुनने के बाद अब मुझे किसी प्रकार का कोई भय नही रह गया है। आचार्य ने बताया, भागवत कथा का सार यही है की वह जीव को मृत्यु के भय से मुक्त करती है। अंत मे भगवान सुखदेव वहाँ से विदा हो गए और तक्षक नाग के आने से पहले ही राजा परिक्षति ने अपने प्राण त्याग दिए। समापन अवसर पर हवन योग के साथ विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर विधायक मुकेश चौधरी, नकुड़ ब्लॉक प्रमुख सुभाष चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता, सरदार जगजीत सिंह, मास्टर नक्षत्रपाल राठौर, राजन शर्मा, सुभाष सिंघल,सोहन गुप्ता,अमरीश गुप्ता, विनीत शर्मा, हरीश गर्ग, मनोज गोयल, मनोज धीमान, आलोक जैन, अंकित नामदेव, सचिन शर्मा, नवदीप मित्तल, पंकज जैन, राजेश जैन, सभासद बालेश्वर गुप्ता, वरुण मित्तल, शरद जैन, वैभव गुप्ता, अंजना देवी, राम शर्मा, उषा शर्मा, प्रियंका देवी, पूजा, कल्याणी, आरती, पुष्पा, प्रेमलता और नैना देवी सहित सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद रहे।

# दबंग दुकानदार के खिलाफ व्यापारियों ने एक जुट होकर तालाबंदी कर धरने पर बैठने की चेतावनी दी

## पूर्व चेयरमैन काजी नौमान मसूद ने व्यापारियों को इंसाफ का भरोसा दिलाया

**मीडिया फॉर यू**

**गंगोह(सहारनपुर)। काजी शाहिद अहमद**

दिव्यांग दुकानदार के साथ दबंग पड़ोसी दुकानदार द्वारा मारपीट करने के विरोध में व्यापारियों ने लामबंद होकर इंसाफ मिलने तक दुकान बंद कर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। जिसपर पूर्व चेयरमैन नौमान मसूद ने व्यापारियों को समझाया और इंसाफ का भरोसा दिलाया। रविवार को नगर के मौहल्ला टाँकान के दर्जनों दुकानदारों ने एकजुटता दिखाते हुए एक दबंग दुकानदार के



खिलाफ कार्रवाई को नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। व्यापारियों का आरोप है की दबंग दुकानदार ने पड़ोसी दिव्यांग दुकानदार के साथ मारपीट की जिसके विरुद्ध कार्रवाई को लेकर गंगोह के - दुकानदारों का आरोप है तथा साथ ही दिव्यांग दुकानदार का बचाव करने के लिए गए अन्य व्यापारियों के साथ भी अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए दुर्व्यवहार किया गया। जिससे व्यापारियों में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने उक्त दबंग के खिलाफ सख़्त कार्यवाही की मांग की है। वहीं मौके पर पहुँचे उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारी तथा पूर्व चेयरमैन काजी नौमान मसूद ने व्यापारियों को समझा बुझाकर शांत करते हुये इंसाफ का भरोसा दिलाया है।

### एनटीए की सत्यनिष्ठा और नीट आयोजित करने के तरीके पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे: कांग्रेस

**नई दिल्ली (वार्ता)।** कांग्रेस ने रविवार को कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की सत्यनिष्ठा और राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को आयोजित करने के तौर तरीके गंभीर सवालों के घेरे में हैं। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं 2014 और 2019 के बीच संसद की स्वास्थ्य और परिवार कल्याण संबंधी स्थायी समिति का सदस्य था। मैं उस समय नीट के लिए मिलने वाले व्यापक समर्थन को याद करता हूं। लेकिन ऐसे सांसद भी थे, विशेष रूप से तमिलनाडु से जिन्होंने चिंता जताई थी कि नीट से सीबीएसई के छात्रों को लाभ मिलेगा और दूसरे बोर्ड एवं स्कूलों से आने वाले विद्यार्थियों को नुकसान पहुंचेगा। उन्होंने कहा, मुझे अब लगता है कि इस सीबीएसई संबंधी मुद्दे पर उचित विश्लेषण की जरूरत है। क्या नीट भेदभावपूर्ण है? क्या गरीब तबके के विद्यार्थियों को अवसरों से वंचित किया जा रहा है? महाराष्ट्र जैसे अन्य राज्यों ने भी नीट को लेकर गंभीर संदेह व्यक्त किया है। रमेश ने कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की सत्यनिष्ठा और नीट को जिस तरह से डिजाइन और आयोजित किया जाता है उसके तरीकों पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। कांग्रेस महासचिव ने दावा किया कि पिछले दशक में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने अपना पेशेवर रवैया स्वयं खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा, उम्मीद है कि नई स्थायी समितियां गठित होने पर नीट, एनटीए और एनसीईआरटी की गहन समीक्षा करेंगी। इसे सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए। नीट परीक्षा पांच मई को 4,750 केंद्रों पर आयोजित की गई थी और इसमें करीब 24 लाख अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था।

### विश्व रक्तदाता दिवस पर जनहित लोक कल्याण समिति ने नसरूल्लागढ़ में 17वां रक्तदान शिविर लगाया

**मीडिया फॉर यू**

**नकुड़ (सहारनपुर)। काजी शाहिद अहमद**




विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर लगाए गए रक्तदान शिविर में भीषण गर्मी के बावजूद लोगों ने रक्तदान किया।

नगर के निकटवर्ती ग्राम नसरूल्लागढ़ में शनिवार को जनहित लोक कल्याण समिति द्वारा अपना 17 वां रक्तदान शिविर लगाया गया। भीषण गर्मी व चल रही गर्म हवा के बावजूद लोगों ने 32 स्वेच्छिक रक्तविरों ने शिविर में पहुंचकर रक्तदान किया।

इस मौके पर डॉक्टर गय्यूर ने कहा की समिति द्वारा असहाय व ब्लड कैंसर पीड़ित एवं दुर्घटनाग्रस्त मरीजों की निःस्वार्थ सेवा भावना से रक्त की आवश्यकता की पूर्ति करने के लिए एक मानवीय सेवा के लये सराहनीय प्रयास किया गया है। कहा की एक रक्तदाता चार लोगों की जिंदगी को बचाने में सहायक भूमिका निभाता है, इसलिए रक्तदान को महादान की संज्ञा दी गयी है। हम सभी को रक्तदान कर समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता लानी चाहिए। शिविर में डॉ० दीपक, डॉ० गौरव, पत्रकार आबिदा राजपूत, कुलदीप राणा, जहीर राव, पंकज सैन, गौरव, विकास, सतीश, रौशनी तथा निशा आदि का विशेष सहयोग रहा।

# 5 दिन में आवेदन का सत्यापन 30 जून तक लाभार्थियों के खाते में पेंशन राशि: जिलाधिकारी

**मीडिया फॉर यू, आरिफ खान बाबा**

**आगरा।** कलेक्ट सभागार में समाज कल्याण विभाग ,दिव्यांग ,सशक्तिकरण विभाग महिला कल्याण, पिछड़ा वर्ग आदि विभागों के समीक्षा बैठक कर जिलाधिकारी भानु चंद्र गोस्वामी ने वृद्धावस्था पेंशन योजना की विकास खंडवार पात्र लाभार्थियों की सूची तलब की। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट प्रेषित कर जिलाधिकारी महोदय को बताया की वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत 1474 आवेदनों का तहसील ब्लाक स्तर से सत्यापन होना बाकी है तथा आधार सीडिंग लंबित है। जिलाधिकारी भानु चंद्र गोस्वामी ने आदेशित कर कहा की 5 दिन में अवशेष आवेदनों की सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण कर 30 जून तक सभी पात्र लाभार्थियों के खातों में पेंशन अंतरण की जाए। वहीं बैठक में जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी ने बताया दिव्यांग पेंशन योजना 254 लाभार्थियों का सत्यापन



तथा आधार सीडिंग अवशैष है।जिला प्रोविजन अधिकारी ने बताया कि पति की मृत्यु प्रांत निराश्रित महिला पेंशन योजना के लाभार्थियों को आधार बेस पेमेंट की जाने की हेतु चालू वित्तीय वर्ष 2024 - 25 की प्रथम तिमाही का भुगतान महा अप्रैल में व जून को आधार बेस पेमेंट के आधार माध्यम से किया जाना है। जिला प्रोविजन अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि अभी तक 1888 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनका भी सत्यापन अवशेष है। जिन लाभार्थियों के केवाईसी नहीं है या खाता आधार कार्ड से लिंक नहीं है। उन सभी लाभार्थियों को बैंक जाकर अपने खाते को आधार कार्ड से जल्द से जल्द लिंक कराए जाने को सूचित किया गया है। जिससे लाभार्थियों को पेंशन सही समय से उनके खाते में पी एफ एम एस द्वारा स्थानांतरित की जा सके। बैठक में जिलाधिकारी ने मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा की शादी अनुदान योजना की लक्ष्य के अनुरूप प्रगति न होने पर नाराज होते हुए कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष आगामी माह तक प्राप्त लाभार्थियों का चयन कर अवशिष्ट आवेदनों की सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण कर 30 जून तक सभी बात लाभार्थियों खाते में राशि स्थांतरित सुनिश्चित किया जाए।

# गंगा दशहरा पर्व पर हजारों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई, एसडीएम की सतर्कता से नहीं हुई कोई जनहानि

**मीडिया फॉर यू**

**नकुड़ (सहारनपुर)। काजी शाहिद अहमद**

गंगा दशहरा पर्व के पर हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक डुबकी लगाई। जनहानि से बचाव के लिए प्रशासन सतर्क रहा।

रविवार को गंगा दशहरे पर्व के अवसर पर रानीपुर बरसी, दौलतपुर, टाबर आदि घाटों पर इस बार पूर्व से अधिक श्रद्धालु पहुंचे और श्रद्धापूर्वक डुबकी लगाई।। पूर्व में हुई दुर्घटनाओं से सीख लेते हुए इस बार उपजिलाधिकारी संगीता राघव द्वारा बड़ी सूझ बूझ के साथ किसी भी अनहोनी घटना को रोकने के लिए पुलिस व तहसील प्रशासन की



अलग अलग टीमों का गठन कर जिम्मेदारी सौंपी गई थी। जिसके परिणामस्वरूप इस बार तहसील क्षेत्र में गंगा दशहरे पर्व पर श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाई और सुरक्षित रहे। एसडीएम संगीता राघव ने जानकारी देते हुए बताया की इस बार किसी भी घटना को रोकने के लिए नाव, गोताखोर, आपातकाल ट्यूब तथा सुरक्षा कर्मियों के बंदोबस्त के अलावा एसएचओ, तहसीलदार, नायाब तहसीलदार, लेखपालों एवं कानूनगो आदि की टीमों का भी गठन कर उन्हें मुस्तैद रहने के लिए निर्देशित किया गया था। तथा इसके अतिरिक्त युवाओं द्वारा रील बनाने के चक्कर में पुल से नदी में छलांग लगाकर अपने जीवन से खिलवाड़ करने की घटनाओं को रोकने के लिए विशेष रूप से प्रशासन द्वारा युवाओं को समझाया गया। इस प्रकार एसडीएम संगीता राघव की सूझबूझ से क्षेत्र में गंगा दशहरा पर्व बिना किसी जनहानि के सुरक्षित रूप से सम्पन्न हुआ।

# इस्लाह-ए-मुआशरा कमेटी माजरी द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया

**मीडिया फॉर यू**

**रामपुर मनिहारान (सहारनपुर)। काजी शाहिद अहमद**

तहसील क्षेत्र के गांव में इस्लाह-ए-मुआशरा कमेटी माजरी द्वारा गांव में वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कर इंटरमीडिएट एवं हाईस्कूल पास करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

रविवार को तहसील क्षेत्र के गांव माजरी की चौपाल में मुफ़्ती दिलशाद साहब की अध्यक्षता में इस्लाह-ए-मुआशरा कमेटी माजरी ने वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया। तथा समारोह में इंटरमीडिएट छात्र को गांव टॉप करने पर कमेटी के ओर से साईकिल दी गयी। जबकि गांव में हाई स्कूल टॉप




करने वाली छात्रा को सिलाई मशीन उपहार स्वरूप दी गई। इसे अलावा द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को दीवार घड़ी देकर सम्मानित किया गया। वहीं पास करने वाले सभी छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए मास्टर तालिब हसन ने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपने बच्चों को शिक्षित करने पर जोर दिया। कमेटी के सदस्यों ने भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने की बात कही। जबकि कमेटी की ओर से सामूहिक रूप से निर्णय लिया गया की 3 महीने बाद गांव में एक परीक्षा का आयोजन किया जाएगा, और उसमें टॉप करने वाले छात्रों को साइकिल इनाम में दी जाएगी। कार्यक्रम का सफल संचालन मुफ़्ती उमेर नजमी ने किया। इस दौरान कमेटी के सदस्य मुफ़्ती अब्दुल खालिक, कारी आजम, तारीफ पोसवाल, उस्मान पंवार, पत्रकार परवेज पंवार, मुफ्ती जाकिर हसन, हाजी आदिल, मास्टर शादाब हसन, कारी सालिक, फिरोज मालिक के अलावा चौधरी हाजी वकील, चौधरी मेहरबान पंवार, चौधरी इसरार, सूफियान पंवार सहित बड़ी संख्या में गांव के जिम्मेदार लोग मौजूद रहे।


17 JUNE 2024 M4U:Layout 1 16-Jun-24 11:24 PM Page 4



# ठाकुर राधारमण मन्दिर में ग्रीष्म निकुंज महोत्सव का हुआ शुभारम्भ

**मीडिया फॉर यू**

**मथुराः** ठाकुर राधारमण मन्दिर में बारह दिवसीय ग्रीष्म निकुंज महोत्सव प्रारम्भ हो गया है। आचार्य श्रीवत्स गोस्वामी महाराज के नेत्रित्व में ठाकुर राधा रमण लाल की नित्य सेवा की जा रही है।ठाकुर राधा रमण मन्दिर में आचार्य श्रीवत्स गोस्वामी महाराज के सानिध्य में ग्रीष्म निकुंज महोत्सव प्रारम्भ हो गया है। चैतन्य सम्प्रदाय का पीठ स्थान ठाकुर राधारमण मन्दिर यहाँ की सेवा की प्रणाली छः गोस्वामियों में अन्यतम-गोपाल भट्ट गोस्वामीपाद के द्वारा स्थापित की गयी। यहाँ कि जो दुर्लभ निधि है ठाकुर राधारमण लाल वह इस त्रिभुवन में शालिग्राम शिला से प्रकट एक मात्र श्री विग्रह हैं और शालिग्राम शिला का प्राणतिष्ठा समारोह नहीं होता क्यों कि वह स्वयंभू देव विग्रह मानी जाती है। तो उसी कारण से श्री राधारमण लाल इस विश्व में एक अनुपम स्वयंभू विग्रह हैं। ग्रीष्म महोत्सव में दैनिक सेवा और विशेष मनोरथ सेवा दोनों समानान्तर रूप से संचालित और संपादित हो रही हैं। ग्रीष्म ऋतु के अनुरूप प्रातः काल 4:30 बजे मंगला आरती का दर्शन होता है तदोपरान्त प्रातः 9 बजे धूप आरती, 10 बजे श्रंगार आरती और मध्याह्न 12 बजे राजभोग आरती होकर ठाकुर को विश्राम दिया जाता है। सायं काल 6 बजे से धूप आरती के बाद दर्शन का क्रम प्रारम्भ होता है। 7 बजे उत्थापन, 7:20 पर संध्या आरती, 8 बजे तक वह दर्शन उपलब्ध होते हैं। तदोपरान्त 8:30 - 8:45 बजे ओलाई के दर्शन फिर आधे घण्टे बाद ब्यालू भोग के दर्शन और लगभग 9:30 बजे दूध भोग के उपरान्त शयन आरती हो कर दैनिक सेवा क्रम पूरा होता है। इस दैनिक सेवा क्रम में राग सेवा और भोग सेवा दोनों ही प्रमुख हैं। हर दर्शन की झाँकी के



अनुरूप ही ध्रुपद धमार की समाज गायन पद्धति के अनुरूप समाज कीर्तन यहाँ सम्पन्न होता है। जैसी सेवा गर्भग्रह में ठाकुर की होती है उसी के अनुसार पदों का गायन मन्दिर के प्रांगण में किया जाता है। राग सेवा के साथ ही श्री राधारमण मन्दिर की भोग सेवा भी अद्वितीय है। जहाँ पर समस्त अग्नि का कार्य आज से 1542 ई. में जब श्री राधारमण प्रगट हुए थे। शालिग्राम शिला से उस समय जो अर्णि के द्वारा जो यज्ञाग्नि जाग्रित की गयी थी वह यज्ञाग्नि ही अध्यावधि वहाँ पर निरन्तर प्रज्वलित है और उसी के द्वारा आरती, दीप और रसोई की समस्त सेवाऐं उसी दिव्य अग्नि के द्वारा सम्पादित की जाती हैं और अष्टयाम झांकियों के साथ अष्टयाम भोग का भी विधान यहाँ पर बड़ी मयार्दा से पालन किया जाता है। बाहर की कोई भी पकी हुई सामग्री चाहे वह दूध की भी क्यों न हो वह यहाँ पर स्वीकार नहीं की जाती है। उसी दिव्य अग्नि के द्वारा ही संस्कारित होकर वह भोग अर्पण किया जाता है। जिसको गोस्वामीगण स्वयं अपनी सेवा के द्वारा तैयार करते हैं। वर्तमान निकुंज सेवा जो 14 जून से प्रारम्भ हुई जो 26 जून तक चलेगी उसमें श्री नित्यनिकुंज में प्रविष्ठ जगदगुरू श्री पुरूषोत्तम गोस्वामी जी महाराज के स्थापित मानकों के अनुरूप प्रतिदिन नवीन पोशाक का धारण कराना, विभिन्न रत्नों के अदभुत आभूषणों को सेवा में अर्पण करना, प्रतिदिन सायं काल नव निकुंज पुष्प और केला आदि के द्वारा ठाकुर को शीतलता प्रदान करने के लिए फूल बंगला की सेवा प्रतिदिन की जाती है और भक्तों को भी प्रत्येक झांकी में प्रशाद, शरबत आदि वितरण किया जाता है। यह ग्रीष्म निकुंज सेवा महोत्सव जहां पर देश विदेश के विभिन्न गुणीजन गायक, वादक आदि आकर ठाकुर की राग सेवा भी प्रतिदिन नव नवीन संगीतज्ञों के द्वारा संम्पन्न की जाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### चमरूपुर जगदेवा होते हुए महमूद खां पुरैना जाने वाली सड़क दो दशकों से बहुत ही खराब स्थिति में



**मसीउद्दीन खान मस्सू**

**उतरौला बलरामपुरः** चमरूपुर जगदेवा से महमूद खां पुरैना जाने वाली सड़क लगभग दो दशकों से बहुत खस्ता हाल है। पता ही नहीं चलता कि सड़क में गड्ढा है कि गड्ढे में सड़क। जबकी विधानसभा परिसीमन के बाद यह क्षेत्र विधान सभा उतरौला से कट कर विधान सभा बलरामपुर में शामिल हो गया है। जब से परिसीमन हुआ है इस क्षेत्र का विकास कार्य एकदम से ठप हो गया है। इस क्षेत्र की जनता बहुत त्रस्त है। इस आस में है कि यह सड़क कब बनेगी-बनेगी भी कि नहीं। यह क्षेत्र विकास कार्यों के नक्शे से पूरी तरह से गायब हो गया है। इस क्षेत्र पर प्रतिनिधियों की नजर भी नहीं पड़ रही है। यह क्षेत्र विधानसभा बलरामपुर व लोकसभा क्षेत्र श्रावस्ती में आता है। यहां की जनता का यह कहना है। कि जब इलेक्शन आता है तो लोग वोट लेने आ जाते हैं। और जब चुनाव खत्म होता है। इस क्षेत्र को भूल जाते हैं। देखने वाली बात यह है। कि इस क्षेत्र का विकास कार्य होता भी है कि नहीं। इसी क्षेत्र के निवासियों ने मीडिया फॉर यू संवाददाता को बताया कि यह क्षेत्र दक्षिण पूर्व में बसे होने के कारण विकास कार्य नहीं हो पा रहा है। अब देखना है कि प्रतिनिधियों की नजर इस सड़क पर पड़ती है कि नहीं।

### डाक बंगला के बगल से होते हुए सरयू नहर कालोनी व प्रेम सेवा अस्पताल कैंपस के पीछे की सड़क बहुत बदहाल स्थिति में



**मीडिया फॉर यू, मसीउद्दीन खान मस्सू**

**उतरौला बलरामपुरः** लोक निर्माण विभाग डाक बंगला के बगल से होते हुए सरयू नहर कॉलोनी उतरौला व प्रेम सेवा अस्पताल के पीछे भुजईन दाई के बगीचे से होते हुए पुराने ईदगाह की सड़क गड्ढे में तब्दील हो गई है। जबकि इस मोहल्ले में कई सरकारी संस्थाओं की महत्वपूर्ण बिल्डिंग के कार्यालय मौजूद है। लेकिन उतरौला नगर पालिका के विकास के नक्शे से यह मोहल्ला पूरी तरह से गायब नजर आ रहा है। यहां की सड़क ऐसी है कि जरा सी नजर आपकी भटकी की आपसे लोग अस्पताल में ही मिलने आएंगे। अगर बच गए तो, नहीं तो राम नाम सत्य। इस सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे दुर्घटना को दावत दे रहे हैं। इस तरफ की सड़क व नालियां व स्ट्रीट लाइट का कार्य करवाया जाना निहायत ही जरूरी है। उतरौला की सबसे खराब सड़कों में इस सड़क को शुमार किया जाता है।

### गंगा दशहरा पर्व पर इस्नान को लेकर शासन प्रसासन के उच्च अधिकारियों ने यमुना जी के घाटों का निरिक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था आदि का जायजा लिया



**मीडिया फॉर यू**

**मथुराः** जहाँ देश भर में गंगा दशहरा का पर्व मनाया जा रहा है वहीं दशहरा के इस पर्व पर मथुरा वासी माँ यमुना में नहा कर अपने आप को धन्य करते हैं इसी को लेकर आज शासन प्रसासन ने मथुरा वृंदावन इस्थित यमुना जी वंसीवट केशीघाट जुगल घाट सहित अन्य जगहों का नौका से दौरा किया. इस्नान करने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो इसके लिये घाटों की सफाई पीने की प्याऊ सहित कोई घटना दुर्घटना न हो इस लिये सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया. बतादें की आज जहां गंगा दशहरा पर लाखों लोग माँ गंगा में स्नान करते हैं वहीं मथुरा के आस पास के ग्रामीण सहित शहर के लोग यमुना जी में इस्नान कर पर्व पर पुण्य कमाते हैं।

## डाक घर की रमणरेती शाखा को पुनः रमणरेती क्षेत्र में ही स्थापित किए जाने की मांग

### मथुरा स्थानांतरित होने पर करना पड़ रहा है असुविधाओं का सामना

**मीडिया फॉर यू**

**मथुराः** रमणरेती क्षेत्र स्थित इस्कॉन मन्दिर परिसर में कई वर्षों पूर्व से चल रहे डाक घर के हटाए जाने से क्षेत्रीय व निकटवर्ती लोगों को अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।साथ ही उन्हें डाक घर सम्बन्धी छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी दूर-दराज के डाक घरों में जाने को विवश होना पड़ रहा है। ब्रज सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया है कि इस्कॉन मंदिर परिसर में कई वर्षों पूर्व से किराए के भवन में चल रही डाक घर की रमणरेती शाखा के भवन को इस्कॉन संस्था ने लगभग 6 माह पूर्व खाली करा लिया था।जिसके बाद डाक घर के उच्च अधिकारियों ने इस शाखा को रमणरेती क्षेत्र में ही कहीं अन्य स्थापित करने के बजाय मथुरा की गायत्री तपोभूमि शाखा से सम्बद्ध



कर दिया है जिससे क्षेत्रीय नागरिकों को आये दिन अत्यधिक असुविधा का सामना करना पड़ता है।साथ ही उनमें अत्यंत असंतोष व आक्रोश व्याप्त है।क्योंकि किसी नगर के डाक घर को दूसरे नगर में स्थापित करने का कोई भी औचित्य व उपयोगिता नहीं है। डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा है कि रमणरेती क्षेत्र वृन्दावन का एक पॉश इलाका है।इसमें कई बैंक, मन्दिर, आश्रम, होटल, शॉपिंग कॉम्पलैक्स, रेजिडेंशियल अपार्टमेंट आदि हैं।साथ ही इस क्षेत्र में हजारों की संख्या में देशी-विदेशी वरिष्ठ नागरिक रहकर भजन-साधना कर रहे हैं जो कि अपनी वृद्धावस्था के चलते डाक घर के कार्य से कहीं दूर जाने में असमर्थ हैं।अतः उन्हें रमणरेती क्षेत्र में हीं डाक घर की अत्यधिक आवश्यकता है। ब्रज सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने केंद्रीय दूर संचार मंत्री, उत्तर प्रदेश के पोस्ट मास्टर जनरल, आगरा मंडल के मंडलीय डाक अधीक्षक एवं डाकघर के अन्य उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर वृन्दावन के रमणरेती क्षेत्र में हीं डाक घर की रमणरेती शाखा को पुनः शीघ्रातिशीघ्र स्थापित किए जाने की मांग की है।

### सीएमओ ने किया आयुष्मान भव मेले का निरीक्षण




**मीडिया फॉर यू, देवीपाटन मंडल प्रभारी हाजी निसार उस्मानी**

**बलरामपुर :** रविवार को जनपद बलरामपुर के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयुष्मान भव स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला में आयोजित आयुष्मान भव स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने किया। आज जनपद में आयोजित आयुष्मान भव मेले में कुल 1469 लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किया गया। सीएमओ ने निर्दिशित किया कि आयुष्मान भव मेले में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को हीट वेव या लू से बचाव के संबंध में अवश्य जानकारी दें। निरीक्षण के समय अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र उतरौला डॉ चंद्र प्रकाश, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समस्त चिकित्सक तथा कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

### ईद-उल-जुहा (बकरीद) को सकुशल सम्पन्न कराने, शान्ति, सुरक्षा एवं कानुन व्यवस्था को बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक बलरामपुर मय थाना को उतरौला पुलिस बल के द्वारा किया गया पैदल गस्त/ फ्लैग मार्च

›› शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाये रखने हेतु संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की लगातार की जा रही है सघन चेकिंग।

›› लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी दी गई।



**मीडिया फॉर यू**

**देवीपाटन मंडल प्रभारी हाजी निसार उस्मानी**

**उतरौला (बलरामपुर)** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार द्वारा थाना को0 उतरौला पुलिस बल के साथ थाना को0 उतरौला क्षेत्रान्तर्गत आगामी त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) को सकुशल सम्पन्न कराने, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखने तथा शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाये रखने हेतु फ्लैग मार्च किया गया।

जनपद के सभ्रांत नागरिकों से अपील है कि बच्चो एवं नवयुवकों को जागरुक करें कि किसी भी तरह की भ्रामक खबर शेयर न करें जिससे किसी भी धर्म की भावनाओं को ठेस पहुँचे । बलरामपुर पुलिस द्वारा सतत निगरानी की जा रही है किसी भी प्रकार की कोई समस्या या असुविधा होने पर तत्काल डायल-112 या सम्बन्धित थाना / चौकी पर सूचना देने का कष्ट करें ।

### थाना गोविन्द नगर पुलिस द्वारा ऑपरेशन जागृति" कार्यक्रम आयोजित कर किया गया जागरूक

**मीडिया फॉर यू**

**मथुराः** अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन, आगरा द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन जागृति अभियान के क्रम में आज दिनांक 16 जून "ऑपरेशन जागृति" अभियान के तहत थाना गोविन्द नगर पुलिस टीम द्वारा ऑपरेशन जागृति कार्यशाला का आयोजन कर महिलाओं जागरूक किया गया । ऑपरेशन जागृति अभियान के क्रियान्वयन उद्देश्य एवं अभियान को सफल बनाने के संबंध में साइबर अपराध, बालिकाओं को साइबर हिंसा/यौन शोषण से बचाव हेतु जागरूक व सचेत करना, पॉक्सो अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों के प्रति जागरूक व सचेत करना, किशोर/किशोरियों के साथ हेल्दी रिलेशनशिप व जीवनशैली पर अभिभावकों को जागरूक करना, महिलाओं/बालिकाओं को अपने अधिकारों व सुरक्षा के बारे में समझ व जागरूकता पैदा करना । समुदाय को झूठे मुकदमों से होंने वाली क्षति के बारे में



जागरूक करना व ऐसे मामलों में कमी लाना ।विशेषकर महिलाओं की सुरक्षा हेतु बनाए गए कानूनों का दुरुपयोग के प्रति लोगों को सचेत करना ।

## डीएम की अध्यक्षता में तहसील बलरामपुर सदर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ संपन्न

**मीडिया फॉर यू**

**देवीपाटन मंडल प्रभारी हाजी निसार उस्मानी**

**बलरामपुरः** चुनाव की आदर्श अचार संहिता समाप्त होने के बाद डीएम अरविंद सिंह की अध्यक्षता में तहसील बलरामपुर सदर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम श्री अरविंद सिंह द्वारा आम जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना गया तथा शिकायतों के समयबद्ध ढंग से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित



अधिकारियों को निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि ऐसी शिकायतें जिनका निस्तारण मौके पर नहीं हो पाया है , ऐसी शिकायतों से संबंधित अधिकारी फील्ड पर जाकर जांच करते हुए 3 दिन के भीतर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करेंगे। डीएम सिंह ने कहा कि चुनाव की आदर्श आचार संहिता समाप्त हो गई है , सभी अधिकारी विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं एवं सभी पात्रों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाएं। इस अवसर पर एसडीएम सदर राजेंद्र बहादुर , मुख्य चिकित्सा अधिकारी , पीडी सीपी श्रीवास्तव , डीसी मनरेगा , जिला विकास अधिकारी गिरीश चंद्र पाठक व अन्य जनपद स्तरीय/ तहसीलस्तरीय अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्कृष्ट विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

**मीडिया फॉर यू**

**बिजनौरः अतीक अहमद**

चांदपुर तहसील के अंतर्गत ग्राम बागडपुर में तोमर बैंकट हॉल में समाज हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में 80% से अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया साथ ही राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया जिसमें सैकड़ो बच्चों ने प्रतिभा किया जाट जागरण मंच के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कु.आराधना सिंह पुत्री स्व.प्रोफेसर राकेश सिंह जी ग्राम बोहरा रही जो वर्तमान में दिल्ली में जज हैं




कार्यक्रम में मुख्य रूप से संयोजक आनंद तोमर प्रधान जी कोषाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह जी मंच का संचालन सहसंयोजक हनी तोमर ने किया कार्यक्रम में डॉक्टर लाखन सिंह जी डॉक्टर महेंद्र मलिक जी डॉक्टर नरेंद्र तोमर जी लव कुमार प्रधान जी धर्मपाल सिंह जी मुख्य वक्ताओं में डॉक्टर प्रमोद देशवाल जी और सुरेश आर्य जी शामिल रहे विकास तोमर जी सहदेव सिंह राणा जी मुकेश कुमार जी संजीव तोमर जी यशवीर सिंह जी पुष्पेन्द्र देशवाल जी अरविंद सिंह जी प्रदीप तोमर जी विकल्प तोमर जी सचिन अहलावत जी भूपेंद्र सिंह जी हर्षित राणा आकाश राणा बादल तोमर आदि मौजूद रहे

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, नीरज कुमार गुप्ता ने मैं0 मोनेक्स ऑफसेट एस डी कांप्लैक्स निकट एमएमजी अस्पताल जी टी रोड, गाजियाबाद से मुद्रित कराकर बी 10/6 उमेश पार्क, मोदीनगर, जिला गाजियाबाद से प्रकाशित किया। सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र गाजियाबाद न्यायालय होगा। मोबाइल नं. 9870629696 संपादक नीरज कुमार गुप्ता